दिनांक 11.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान 2018 का आगाज 12 जनवरी से शुरु होने जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियां और आवश्यक कार्यवाही की जानकारी से भली भांति अवगत कराने के उद्देश्य से आज निगम सभागार में जोन के सभी नोडल अधिकारियों को निगम आयुक्त के 0एल0 चौहान ने प्रशिक्षण दिया । आवेदन संकलन शिविर समाधान अभियान तथा समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों की भूमिका और की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी दी गई।

आयुक्त श्री चौहान ने कहा कि लोक सुराज अभियान का उद्देश्य आम आदमी को शासन की महत्वकांक्षी सेवा, योजना और कार्यक्रमों से लाभान्वित करना है। अभियान का उद्देश्य केवल आवेदनों का संकलन करना ही नही है अपितु पात्र और जरुरतमंद लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होने कहा कि अभियान को सफल बनाने में अधिकारी , कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभियान में नियुक्त सभी अधिकारियों को जवाबदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये।

लोक सुराज अभियान 2018 तीन चरणों में आयोजित होगा । प्रथम चरण- आवेदन संकलन शिविर 12,13 एवं 14 जनवरी को आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन 12,13 एवं 14जनवरी 2018 को 3 दिनों तक जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालयों , ग्राम पंचायतों, नगरीय निकाय के कायालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। सभी कार्यालयों के साथ ही आवेदन संकलन शिविर पर समाधान पेटी भी रखा जायेगा। कोई भी आवेदक तीन प्रकार से आवेदन कर सकते है। सीधे शिविर स्थल पर पहुंचकर आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा आॅनलाईन माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

द्वितीय चरण- 15 जनवरी से 11 मार्च 2018 तक शिकायत आवेदनों का निराकरण 15 से 31 जनवरी 2018 तक शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत् सुनवाई , 01 से 28 फरवरी तक शिकायत आवेदन पर कार्यवाही, 1 से 11 मार्च तक शिकायतकर्ता को निराकरण की लिखित सूचना देना। समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण-15 जनवरी से 31 जनवरी तक स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करना।01 से 15 फरवरी तक स्वीकृति प्राप्त करना। 01 से 28 फरवरी तक निविदा की कार्यवाही पूर्ण करना। 01 से 11 मार्च तक कार्य प्रारम्भ करना। मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण- 15 जनवरी से31 जनवरी 2018 तक स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करना। 01 से 07 फरवरी तक शासन को प्रस्ताव भेजना। 08 से 15 फरवरी तक शासन से स्वीकृति प्रापत करना। 16 फरवरी से 11 मार्च तक निविदा एवं कार्यादेश की कार्यवाही कर कार्य प्रारम्भ करना।

प्रशिक्षण में आवेदन लेने, आवेदन भरने, आवश्यक सावधानियां बरतने, लिस्टिंग करने, पंजी संधारित करने एवं डाटा एन्ट्री करने की तकनीक से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण मे बताया गया कि एक आवेदन में एक ही विषय से संबंधित आवेदन लिया जायेगा। जिससे संबंधित विभाग में आवेदन प्रेषित कर वास्तविक निराकरण किया जा सकेगा। अलग-अलग विषय के लिए अलग-अलग आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन संकलन शिविर में आवेदक से शांतिपूर्ण व्यवहार करने कहा गया है , साथ ही संबंधित आवेदन में लगने वाली आवश्यक दस्तावेज की जानकारी देने और संलग्न कर आवेदन लेने कहा गया है। शिविर

स्थल पर पर्याप्त मात्रा में आवेदन पत्र रखा जायेगा। जिससे आमजनों को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो। निगम आयुक्त ने लोक सुराज अभियान के माध्यम से आमजनों की समस्याओं और मांगों की पूर्ति की दिशा में महत्वकांक्षी पहल बताते हुए सभी नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को जवाबदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये गये है।

लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान का छ0ग0 शासन के इस अभिनव प्रयास को मूर्त रुप देते हुए निगम क्षेत्र के रहवासियों को विभिन्न समाधान शिविर में निम्नलिखित सुविधाएं शत्-प्रतिशत उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है , स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 का प्रचार-प्रसार, दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार, असंगठित कर्मकार का पंजीयन एवं दिये जाने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार, शिक्षित बरोजगार युवाओं का कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रचार-प्रसार , प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों का विवरण , राशन कार्ड एवं खाद्यान्न वितरण , पेंशन प्रकरण का समाधान , आधार शिविर, आय,जाति, निवास प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, अन्य समस्या एवं शिकायतें। निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आवेदन के साथ आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर अवश्य साथ लावें।